भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1062

जिसका उत्तर 31.07.2024 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 पर अवरोध

1062. श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10, जो सिक्किम की जीवन रेखा है, भूस्खलन के कारण प्रत्येक मानसून के मौसम में सेवोके और रंगपो (71 किमी) के बीच अक्सर अवरूद्ध हो जाती है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने अक्सर होने वाले इन अवरोधों को दूर करने और मानसून मौसम के दौरान इस राजमार्ग का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी हां, सेवोके और रंगपू में कोरोनेशन ब्रिज पहुंच मार्ग के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10, (एनएच-10) की 52 किलोमीटर लंबी सड़क पर मानसून में भूस्खलन और घाटी की ओर धंसाव के कारण व्यवधान का सामना करना पड़ता है, विशेष रूप से 04.10.2023 को हुए ग्लेशियल झील विस्फोट बाढ़ के बाद।

(ख) सड़क अवरोध की समस्याओं को कम करने के लिए, मंत्रालय द्वारा एनएच-10 पर ढलान संरक्षण/भूस्खलन कम करने के कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में 19 स्थानों पर 4 कार्यों के लिए 394 करोड़ रुपये की राशि और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 16 स्थानों पर 2 कार्यों के लिए 125 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है । 6 स्वीकृत कार्यों में से, 68.49 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत वाला एक कार्य सौंपा जा चुका है और बाकी बोली के चरण में हैं। इसके अतिरिक्त, एनएच-10 के सेवोके और रंगपू खंड में स्थायी समाधान के उपायों सहित कार्यों और उन्नयन के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता की नियुक्ति के लिए भी बोलियां आमंत्रित की गई हैं।

*****